दैनिक भास्कर 23/11/23

एयरफोर्स स्कूल के बच्चों ने किया गांधी केंद्र का दौरा

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज के गांधी स्टडी सेंटर का एयरफोर्स स्कूल के बच्चों ने भ्रमण किया। इसका उद्देश्य स्टूडेंट्स में महात्मा गांधी के दर्शन, मूल्य व उद्देश्यों को भरना था। शुरुआत में गांधी स्टडी सेंटर के इंचार्ज व अध्यक्ष इतिहास विभाग डॉ. धर्मवीर सैनी ने विद्यार्थियों को बताया कि गांधी ने अपने जीवन को अपने देश के लिए न्योछावर कर दिया। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि इतिहास विभाग के विद्यार्थी व एयर फोर्स स्कूल के 40 बच्चे मौजूद रहे। एयर फोर्स स्कूल से पीजीटी हिस्ट्री डॉ. अनुपमा हांडा ने कहा कि इस दौरे से इतिहास विभाग के बच्चों को राष्ट्रीय आंदोलन में गांधी के योगदान को लेकर जानकारी मिली है।